# विकलांग सहारा समिति दिल्ली

## जी–ब्लॉक, बस्ती विकास केन्द्र, मंगोलपुरी दिल्ली–110083

नववर्ष 2026 में किया दिव्यांग चौपाल का आयोजन




दिनांक :– 01 जनवरी–2026

# <u>रिपोर्ट</u>

## विकलांग सहारा समिति दिल्ली व टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटड़ के दिव्यांग व साधारण बच्चों ने मनाया नववर्ष का उत्सव

विकलांग सहारा समिति दिल्ली में नववर्ष 2026 का कार्यक्रम हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक एवं सीईओ श्री कपिल कुमार अग्रवाल, महासचिव श्री बन्टी सौंलकी द्वारा किया गया। नववर्ष के उपलक्ष्य में संस्था के स्टाफ द्वारा मनमोहक ब्लाइंडफोल्ड एक्टिविटी, पजल एक्टिविटी, गेस दी मूवी एक्टिविटी, आदि खेलों का आयोजन भी किया। इन सभी खेलों में जिन जिन लाभार्थियो ने सही जवाब दिए उनको संस्था द्वारा पुरस्कार भी दिया गया। खेल–2 के बीच में लाभार्थियों के लिए चाय नाश्ता भी दिया गया। कार्यक्रम के संस्थापक एवं सीईओ श्री कपिल कुमार अग्रवाल ने सभी लाभार्थियों तथा स्टाफ को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए नववर्ष को नए संकल्पों के साथ शुरू करने के लिए प्रेरित किया। संस्था के हर सेंटर एन–ब्लॉक, मंगोलपुरी, दरियापुर बवाना दिल्ली में नववर्ष का उत्सव प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों के साथ बडे हर्षोल्लास से मनाया गया, बच्चों ने अपने –2 सेंटर को फूल माला से सचाया। नववर्ष पर संस्था के प्रांगण को अत्यंत आकर्षक रूप से सजाया गया। संस्था ने आए हुए लाभार्थियों के लिए खाने की व्यवस्था भी कि गई। विकलांग सहारा समिति दिल्ली ने दिव्यांग चौपाल के माध्यम से दिव्यांगजनों के साथ नया साल मनाया। संस्था के संस्थापक एवं सीईओ श्री कपिल कुमार अग्रवाल ने कहा है कि लोग कई बार नववर्ष को नाचगाने से कोई हवन कर के कोई परिवार के साथ होटल में एक एकत्रित होकर नववर्ष मनाते हैं। लेकिन विकलांग सहारा समिति दिल्ली ने इस बार दिव्यांग चौपाल के माध्यम से मनाया नववर्ष का उत्सव। विकलांग सहारा समिति दिल्ली के संस्थापक जी ने दिव्यांगजनों के साथ कई घंटों दिव्यांगजनों के अधिकार व उनसे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। और सहयोग किया की आपकी समस्याओं पर संस्था कम करेगी और सरकार से दिव्यांगजनों के हितो के लिए कार्य करने के लिए आग्रह करेगी। संस्था इस वर्ष भी वशिष्ठ नागरिको के लिए पेंशन हेतु आवेदन के लिए भी कार्य करेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की पंजीकरण अधिकारी कुमारी धनू गुरुंग ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था का स्टाफ कुमारी करिश्मा सौंलकी, कुमारी सुनीता, कुमारी रजनी, कुमारी नेहा, विजय, कुमारी सुमन आदि उपस्थित रहें।

**प्रोग्रम ऑफिसर**

# कार्यक्रम की कुछ झलकियां
















# कार्यक्रम की कुछ झलकियां















# कार्यक्रम की कुछ झलकियां













